>

Title: Regarding rehabilation of displaced persons due to Tanda Thermal Power station (NTPC) in Ambedkar Nagar.

श्री रितेश पाण्डेय (अम्बेडकर नगर): अध्यक्ष महादेय, धन्यवाद। मेरे क्षेत्र अम्बेकरनगर एन.टी.पी.सी. (टांडा) का विस्तार हो रहा है, जिसके लिए 9 गांवों को विस्थापित किया जा रहा है। इनमें हासिमपुर, सलाहपुर रजौर, हुसैनपुर सुधाना, शरीफपुर आदि गांव आते हैं। इन सब गावों में पुनर्वास एक्ट के हिसाब से घर उजाड़ने से पहले उनको पुनर्स्थापित करने के लिए मकान देना जरूरी है। लेकिन सरकार ने यहां सिर्फ 9 लाख रुपये देकर किनारा कस लिया है, जिससे आज ये लोग पूरी तरह से विस्थापित हो गए है। मैं सदन से पूछना चाहता हूं कि 9 लाख रुपये में कहां जमीन और मकान देकर विस्थापित कर सकते हैं। यह पूरी तरह से असम्भव है।

मान्यवर, इसी को देखते हुए लोग रोड के किनारे झोपड़ियों में बसे हुए हैं, जहां पर निरंतर सरकार उनको हटाने का प्रयास करती है। मेरा आपसे यही निवेदन है कि इन लोगों को इनके अधिकारों के अनुसार पुनर्वास एक्ट के हिसाब से इन लोगों के लिए जमीन खरीदकर उसके ऊपर आवास बनाकर इनको दिया जाए। अन्यथा यहां पर स्थिति बड़ी विस्फोटक है और आगे भी यहां बहुत बड़ा आन्दोलन होने की चर्चाएं आम हो रही हैं। मेरा आपसे निवेदन है कि सरकार इसको संज्ञान में ले और इन लोगों को न्याय दिलाने का काम करे। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।